कार्यालय निबंधक, फर्म्स सोसाइटीज एंव चिट्स
3/23, शास्त्री नगर, हरिद्वार रोड, देहरादून

पत्रांकः– 50 /नि0फ0सो0चि0/व्य0पं0/देहरादून/दिनांक 04 अप्रैल 2012

कार्यालय आदेश

इस विभाग के श्री कन्हईलाल, प्रवर सहायक, कार्यालय उपनिबंधक, फर्म्स सोसाइटीज एंव चिट्स, देहरादून, जिन्हे, इस विभाग में प्रवर सहायक के पद, वेतनमान रू 1200–2040 (दिनांक 1–1–2006 से यथा संशोधित वेतन बैंड रू 5200–20200, ग्रेड वेतन रू 2400) में, दिनांक 29–7–1991 से मौलिक रूप नियुक्त किया गया है। श्री कन्हईलाल, प्रवर सहायक ने, प्रवर सहायक के पद पर, 20 वर्ष 8 माह की संतोषजनक सेवा पूर्ण कर ली है। उत्तराखण्ड फर्म्स सोसाइटीज एंव चिट्स अराजपत्रित सेवा नियमावली 2005 के नियम 4(ii) के अनुसार, मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे प्रवर सहायकों में से, जिन्हौने उस चयन वर्ष की पहली जुलाई को उस रूप में 5 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो, अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुए, ज्येष्ठता के आधार, पर मुख्य सहायक के पद पर पदोन्नति के द्वारा किये जाने का प्राविधान है। विभागीय प्रोन्नति समिति की बैठक दिनांक 3–4–2012 की संस्तुति के आधार पर, श्री कन्हईलाल, प्रवर सहायक को, प्रवर सहायक के पद पर न्यूनतम 5 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर, मुख्य सहायक वेतनबैंड रू 5200–20200, ग्रेड वेतन रू 2800 के पद पर, अस्थायी रूप से पदोन्नति इस शर्त के साथ की जाती है कि यदि उत्तर प्रदेश राज्य से उत्तराखण्ड राज्य को आंवटित कार्मिकों में सें, श्री कन्हई लाल, प्रवर सहायक से, वरिष्ठ किसी कार्मिक के द्वारा, अपनी योगदान आख्यां, उत्तराखण्ड राज्य में, इस विभाग में दी जाती है, तो श्री कन्हईलाल, की यह पदोन्नति स्वतः ही निरस्त हो जायेगी, जिसके लिए श्री कन्हईलाल को कोई प्रतिकर नही देय होगा।

श्री कन्हईलाल, वर्तमान में ए0सी0पी0 के अंतर्गत, तृतीय लाभ पर, देय व्यैक्तिक वेतनबैंड रू 9300–34400, ग्रेड वेतन रू 4200 में कार्यरत है। अतः पूर्व से ही, उच्चतर वेतन बैंड तथा ग्रेड वेतन में कार्यरत होने की दशा में, इनका वेतनबैंड तथा ग्रेड वेतन का पुर्ननिर्धारण नही किया जायेगा।

4/4/12
(रमेश चन्द्र अग्रवाल)
निबंधक

पत्रांक /नि0फ0सो0चि0/व्य0पं0/देहरादून दिनांक अप्रैल 2012

प्रतिलिपिः निम्न को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. महालेखाकार, उत्तराखण्ड, ओबराय मोटर बिल्डिंग, माजरा, देहरादून।
2. उपनिबंधक, फर्म्स सोसाइटीज एंव चिटस देहरादून।
3. कोषाधिकारी, साईबर ट्रेजरी 23 लक्ष्मी रोड, देहरादून।
4. श्री कन्हईलाल, मुख्य सहायक, कार्यालय उपनिबंधक, फर्म्स सोसाइटीज एंव चिट्स, देहरादून।
5. कार्यालय प्रति।

04/04/12
(बी0बी0 ध्यानी)
सहायक निबंधक

O/C

4/4/2012